PC-4334/MH

A/2051

HINDI

हिन्दी साहित्य

(Semester–2)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 75

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

भाग-क

I. निर्गुण काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'तुलसीदास' की काव्यगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 9

II. (क) किसी **एक** मुहावरे का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

गरदन उठाना, कोल्हू का बैल।

(ख) किसी **एक** लोकोक्ति का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग करें :

अंधों में काना राजा, एक पंथ दो काज।

(ग) किसी **एक** शब्द का शुद्ध रूप लिखें :

इतिहासिक, दवाईयाँ।

(घ) किसी **एक** शब्द का पर्यायवाची लिखें :

पर्वत, पवन।

(ङ) किसी **एक** का विपरीत शब्द लिखें :

मान, धनी।

(च) किसी **एक** शब्द का अनेकार्थी लिखें :

पत्र, हार। 8

भाग-ख

III. 'खुदा का खौफ' कहानी का सार लिखते हुए इसके मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'परमात्मा का कुत्ता' कहानी में आज के सरकारी दफ्तरों और नौकरशाही का यथार्थ चित्रण हुआ है। स्पष्ट कीजिए। 9

IV. सप्रसंग व्याख्या करें :

दरवाजा खुला था, बरामदे में हल्की रोशनी थी, और चौंके में आग की लपटों का प्रकाश था। अपने कमरे में घुसते ही उसे यह खाली-खाली सा लगा। दूसरे क्षण ही वह जान गया कि कमरे का कालीन निकाल दिया गया है, और किनारे रखी हुई मेज भी नहीं है।

अथवा

यह खेती का मज़ा है। और एक भागवान ऐसे पड़े हैं जिनके पास जाड़ा जाये तो गरमी से घबड़ा कर भागे। मोटे-मोटे गंदे लिहाफ, कम्बल। मजाल है, जाड़े का गुजर हो जाये। तकदीर की खूबी है। मजूरी हम करें मज़ा दूसरे लूटें। 5

V. 'कर्बला' इस्लाम की त्रासदी पर आधारित नाटक है। इस कथन की व्याख्या कीजिए।

अथवा

हुसैन के चरित्र की ⸝पमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालो। 9

VI. सप्रसंग व्याख्या करें :

मामला इतना आसान नहीं है, जितना तुमने समझ रखा है। जायदाद के लिए इन्सान अपनी जान देता है, भाई-भाई दुश्मन हो जाते हैं, बाप-बेटों में, मियां बीबी में तिफ़ाक़ पड़ जाता है। अगर उसे लोग इतनी आसानी से छोड़ सकते, तो दुनिया जन्नत बन जाती।

अथवा

मेरी कैफ़ियत इससे ठीक उल्टी है। मेरे दिल में एक नई क़ूबत आ गई है, मुझे ख्याल होता है कि अब दुनिया की कोई फ़िक्र कोई तागीब, कोई आरजू मेरे दिल पर फ़तह नहीं पा सकती। ऐसी कोई ताकत नहीं है, जिसका मैं मुकाबला न कर सकूं। 5

भाग-ग

VII. सभी प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें :

(क) सगुण धारा की कौन-कौन सी शाखाएं हैं?

(ख) जायसी की रचनाओं के नाम बताएं।

(ग) सूरदास का जन्म कब और कहां हुआ?

(घ) सूफी काव्य की किन्हीं **दो** विशेषताओं का उल्लेख करें।

(ङ) भक्तिकाल को स्वर्ण युग कहने के **दो** कारणों का उल्लेख करें।

(च) 'प्रायश्चित' का मूल उद्देश्य संक्षेप में स्पष्ट करें।

(छ) 'पूस की रात' में हल्कू किसके साथ खेत में जाता है? उसका नाम क्या है?

(ज) उषा प्रियंवदा की रचनाओं के नाम बताएं।

(झ) 'मुन्नू' के साथ अपनी चाची के घर कैसा व्यवहार होता है?

(ञ) 'देवरथ' में सुजाता आर्य मित्र से क्या कहती है?

(ट) प्रेमचन्द के अन्य नाटक कौन-से हैं?

(ठ) यजीद क्या चाहता है?

(ड) 'तौआ' कौन है? वह अपने बेटे के बारे में क्या कहती है?

(ढ) 'अब्बास' हुसैन का क्या रिश्ता है?

(ण) 'नसीमा' कौन है वह वहुब को क्यों रोकती है?

(15×2=30)